# प्रेस-नोट

## थाना नवाबाद, जनपद झाँसी

दिनाँक- 05.10.2025

➤ झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,
➤ चोरी के सोने-चाँदी के आभूषण व नगदी सहित 02 शातिर चोर गिरफ्तार,

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.10.2025 को थाना नवाबाद पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध/वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1. किशन उर्फ चवन्नी उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र मटटोबा निवासी राघवेन्द्र नगर थाना कोतवाली देहात जनपद शिवपुरी (म०प्र०) हाल नि० अम्बाबाई करारी थाना सीपरी बाजार झांसी व 2. बबरा पुत्र कुटटू नि० वार्ड नं0 06 काशीराम कालोनी पम्प हाऊस बबीना थाना बबीना हाल नि० अम्बाबाई करारी थाना सीपरी बाजार उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से थाना नवाबाद के मु0अ0सं0 53/2025 धारा 303(2)/317(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 में चोरी गए 01 अंगूठी सोने की, 01 गले का हार सोने का, 02 जोड़ी पायल चाँदी की, 04 जोड़ी बिछिया चाँदी व 7,900/- रू0 नगदी की बरामदगी हुई। उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### संक्षिप्त विवरणः-

वादी श्री तारिक अजीज पुत्र मोहम्मद यूनुस निवासी हैविट मार्केट तालपुरा थाना नवाबाद झांसी द्वारा थाना नवाबाद पर प्रार्थना-पत्र के माध्यम से सूचित किया गया कि दिनाँक 10.02.2025 को रात्रि लगभग 01.00 बजे किसी अज्ञात चोर द्वारा शिव विवाह वाटिका से सोने व चांदी के जेवरात का बैग चोरी कर लिया गया था। लिखित प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 53/2025 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमें गठित की गई, जिनके द्वारा विवेचना के क्रम में सार्थक प्रयास करते हुए मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त दोनों अभियुक्तों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1. किशन उर्फ चवन्नी उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र मटटोबा निवासी राघवेन्द्र नगर थाना कोतवाली देहात जनपद शिवपुरी (म०प्र०) हाल नि० अम्बाबाई करारी थाना सीपरी बाजार झांसी
2. बबरा पुत्र कुटटू नि० वार्ड नं0 06 काशीराम कालोनी पम्प हाऊस बबीना थाना बबीना हाल नि० अम्बाबाई करारी थाना सीपरी बाजार उम्र 19 वर्ष

गिरफ्तारी का दिनाँक समय व स्थान – दिनाँक 05.10.2025 समय 13.23 बजे/स्थान- भगवंतपुरा से कोछाभंवर जाने वाले रास्ते थाना नवाबाद जनपद झाँसी

बरामदगी –

1. 01 अंगूठी सोने की,
2. 01 गले का हार सोने का,
3. 02 जोड़ी पायल चाँदी की,
4. 04 जोड़ी बिछिया चाँदी
5. 7,900/- रू0 नगदी

गिरफ्तार /सहयोग करने वाली पुलिस टीम-

1- प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार अवस्थी थाना नवाबाद जनपद झाँसी
2- उ0नि0 श्री मोहित कुमार चौकी प्रभारी जेल थाना नवाबाद झाँसी
3- उ0नि0 श्री कुलदीप पंवार चौकी प्रभारी मण्डी थाना नवाबाद झाँसी
4- हे0का0 80 अरूण कुमार थाना नवाबाद झाँसी